RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 89 | THURSDAY DATE 23-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

जब आता पृथ्वी दिवस, उठता तभी सवाल।
फिर सब अगले साल पर, देते इसको टाल।
देते इसको टाल, टाल कर घर आ आते।
कर्मकांड कर पूर्ण, लोग फिर से सो जाते।
कह साहिल कविराय, यही लोगों को भाता।
चिंता उपजे तभी, दिवस पृथ्वी जब आता।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

# टीएमसी के गुंडे 29 अप्रैल तक बाहर मत निकलें, नहीं तो बहुत तकलीफ होगी: अमित शाह

» **कोलकाता, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री लगातार दूसरे जनसभा को संबोधित करते हुए टीएमसी सरकार, ममता बनर्जी और कांग्रेस पर जुबानी हमला किया। दमदम उत्तर विधानसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, 4 मई को सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। 9 बजे पहला राउंड आएगा, 10 बजे दूसरा राउंड आएगा और दोपहर 1 बजे तक गिनती समाप्त होते-होते ममता दीदी का टाटा-बाय-बाय हो जाएगा। टीएमसी के गुंडे घर-घर जाकर कहते हैं कि बाहर मत निकलना, नहीं तो बाद में तकलीफ होगी।

मैं भी टीएमसी के गुंडों से कहना चाहता हूं, 29 अप्रैल को बाहर मत निकलना, नहीं तो बहुत तकलीफ होगी।' गृह मंत्री ने कहा, 'पहले देश की कुल आय में अगर 100 रुपये आते थे, तो उसमें बंगाल से 20 रुपये आते थे। आज वह घटकर सवा पांच रुपये रह गया है। इंडस्ट्रियलाइजेशन की



शुरूआत बंगाल से हुई थी, लेकिन ममता दीदी के राज में सिंडिकेट वालों के कारण उद्योगों ने बंगाल छोड़ दिया। दीदी के कारण इंडस्ट्री चली गई और भाजपा के कारण सिंडिकेट वाले गुंडे बंगाल छोड़कर चले जाएंगे। छह हजार उद्योग बंगाल छोड़कर जा चुके हैं।'

गृह मंत्री ने कहा, 'संसद में माताओं-बहनों को 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाया गया बिल ममता दीदी ने कांग्रेस के साथ मिलकर रोका है। ममता दीदी, मातृशक्ति 29 तारीख की राह देख रही है, आपकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। जिस प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में काम किया है, उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष आतंकवादी कह रहे हैं। उन्होंने कहा, राहुल बाबा के साथ रह-रहकर खड़गे की भी भाषा बिगड़ने लगी है।

राहुल बाबा, प्रधानमंत्री मोदी पर जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ही खिलेगा। कांग्रेस तमिलनाडु में डबल फिगर में भी नहीं पहुंचेगी और पुडुचेरी में उसका खाता भी नहीं खुलेगा।

बंगाल में भी शायद ही खाता खुले और असम में उसकी सबसे बुरी हार होने वाली है।'



## जोरासांको में गरजे योगी, 4 मई को पश्चिम बंगाल में लहराएगा भगवा

**कोलकाता, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सीएम ममता बनर्जी को ललकारते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में 4 मई को भगवा लहराएगा। उन्होंने इशारों में ममता व अभिषेक बनर्जी पर प्रहार करते हुए कहा कि बुआ-भतीजा बंगाल का अस्तित्व मिटाना चाहते हैं। कोलकाता का मेयर कहता है कि यहां ऊर्दू चलेगी। कोई माई का लाल बंगाल की अस्मिता से खिलवाड़ नहीं कर सकता। सीएम योगी ने मतदाताओं से अपील की कि टीएमसी के जो लोग बंगाली अस्मिता से खिलवाड़ कर रहे हैं, उन्हें बता दो कि बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है। सीएम योगी जोरासांको विधानसभा क्षेत्र में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां आए लोग हाथ में पोस्टर लिए हुए थे, जिस पर लिखा था, 'योगी जी बुलडोजर लाओ, हम तुम्हारे साथ हैं।' सीएम योगी ने कहा कि 23 अप्रैल को पहले चरण का चुनाव होना है। परिवर्तन के प्रति लोगों के हृदय का उद्गार स्पष्ट दिखाई दे रहा है। पहले चरण में 80 फीसदी सीटें भाजपा जीतने जा रही हैं। जब 4 मई को परिणाम आएंगे तो बंगाल में भगवा ध्वज लहराया जाएगा।

## असम और पश्चिम बंगाल में लगेगी डबल सेंचुरी: सरमा



**कालना, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा लगातार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी प्रचार को धार दे रहे हैं। उनकी चुनावी जनसभाओं में भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इस बीच सीएम सरमा ने बुधवार को दावा किया कि बंगाल भाजपा जीत रही है और अगली सरकार पीएम मोदी के नेतृत्व में बननी तय है। पश्चिम बंगाल के कालना में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जो माहौल मैंने बंगाल और असम में लोगों के बीच देखा है, मुझे लगता है कि हम असम में 100 सीटें और बंगाल में 200 सीटें जीतेंगे। सीएम सरमा ने बंगाल के वोटरों से अपील करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि इस बार कोई भी गुंडा कुछ भी करने की हिम्मत नहीं करेगा। इस बार कोई भी कुछ नहीं कर पाएगा। लोग आसानी से वोट डाल सकेंगे।

# दिल्ली में अब उन्हीं वाहनों को मिलेगा ईंधन, जिनके पास होगा वैध पीयूसी : रेखा गुप्ता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में महज उन्हीं वाहनों को ईंधन प्राप्त होगा, जिनके पास पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल (पीयूसी) का प्रमाणपत्र होगा। जिन वाहन चालकों के पास यह प्रमाणपत्र नहीं होगा, उन्हें अब से ईंधन नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री ने इस आदेश की जानकारी अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी है।

अपने पोस्ट में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने साफ किया कि यह कदम दिल्ली में जारी प्रदूषण के कहर पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी पेट्रोल पंप संचालकों और एजेंसियों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं और उन्हें साफ कर दिया गया है कि वे इनका गंभीरतापूर्वक पालन करें। इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार न करें।

उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, अब बिना वैध 'पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल' प्रमाणपत्र वाले किसी भी वाहन को दिल्ली के फ्यूल स्टेशंस पर पेट्रोल, डीजल, सीएनजी या एलपीजी जैसे ईंधन उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे। वायु प्रदूषण की चुनौती से निपटने के लिए कड़े और प्रभावी कदम उठाना समय की आवश्यकता है और




हमारी सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता, दृढ़ इच्छाशक्ति और जनहित के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने दिल्ली के प्रदूषण पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में दिल्ली में प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए हमें प्रभावी कदम उठाने होंगे, तभी जाकर हमें धरातल पर स्थिति सकारात्मक होती हुई दिखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की तारीख में प्रदूषण पर रोक लगाने लिए सख्त कदम उठाना समय की जरूरत बन चुकी है।

वहीं, मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की ओर से प्रदूषण पर रोक लगाने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों का भी जिक्र किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारी सरकार दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जनहित को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पृथ्वी की रक्षा सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, आने वाली पीढ़ियों के प्रति पवित्र संकल्प : मोदी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी की रक्षा करना सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक पवित्र संकल्प भी है, जिसे हमें पूरी ईमानदारी से निभाना चाहिए। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'पृथ्वी हमारी माता है और इसके संरक्षण में मानवता का कल्याण निहित है। इसकी रक्षा करना हम सबका केवल दायित्व नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा पवित्र संकल्प भी है। यस्यां वृक्षा वानस्पत्या ध्रुवास्तिष्ठन्ति विश्वहा। पृथिवीं धेनुं प्रदुहां न उदिच्छन्तु नमोऽस्तु पृथिव्यै॥'

### प्रवासी भारतीय जर्मनी और भारत के बीच एक 'जीवंत सेतु' हैं: राजनाथ

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में भारतीय समुदाय के लोगों से आत्मीय माहौल में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों से खुलकर संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी भारत और जर्मनी के बीच एक 'जीवंत सेतु' की तरह हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां मौजूद लोगों से कहा कि बीते कुछ वर्षों में आपकी भूमिका और भी मजबूत हुई है और आप दोनों देशों को करीब लाने में अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने जर्मनी में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों को बताया कि आज भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और बुनियादी ढांचे में बड़े स्तर पर विकास हो रहा है। इसके साथ ही भारत में स्टार्टअप का माहौल भी तेजी से बढ़ा है, जहां युवा नए-नए विचारों के साथ आगे आ रहे हैं।

## दिल्ली नगर निगम मेयर चुनाव: आप ने फिर छोड़ा मैदान, भाजपा को दिया 'एक और मौका'

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

दिल्ली की राजनीति में एक बार फिर बड़ा रणनीतिक फैसला सामने आया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने आगामी नगर निगम (एमसीडी) मेयर चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि 'आप' भाजपा को दिल्ली में बदलाव करने का एक और मौका दे रही है, ताकि जनता के सामने उनकी कार्यशैली पूरी तरह उजागर हो सके।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पार्टी ने पिछले साल भी यही रणनीति अपनाई थी, ताकि भाजपा अपने 'चारों इंजन' का उपयोग कर सके और काम न करने के लिए कोई बहाना न बना सके। उन्होंने दावा किया कि बीते एक साल के अनुभव ने साबित कर दिया



है कि सभी संसाधन और जिम्मेदारियां होने के बावजूद भाजपा दिल्ली में बदलाव लाने में असफल रही है।

उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 'चार इंजन' होने के बावजूद राजधानी में समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। भारद्वाज के मुताबिक, केंद्र सरकार, एलजी, मुख्यमंत्री, मेयर और स्थायी समिति जैसे अहम पदों पर भाजपा के नियंत्रण के बावजूद जनता को राहत नहीं मिल पाई है।

## बिहार में भ्रष्टाचार के कारण सरकार का खजाना खाली: तेजस्वी यादव

» **पटना, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने भ्रष्टाचार को लेकर बिहार सरकार पर निशाना साधा। उन्होने कहा कि बिहार में भ्रष्टाचार के कारण सरकार का खजाना खाली है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि एनडीए सरकार में भ्रष्टाचार इतना विराट हो गया कि भ्रष्टचारी ही 'सम्राट' हो गया। राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि राज्य में व्याप्त वित्तीय संकट से जूझ रही अनैतिक सरकार ने हालिया दिनों में दूसरी बार निधि निकासी एवं व्यय नियंत्रण संबंधित पत्र जारी किया है।



उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आरोप लगाया अपनी कुर्सी बचाने के लिए भ्रष्ट रिटायर्ड और कॉम्प्रोमाइज्ड उच्च अधिकारियों और एजेंसियों से डरी भूंजा गैंग ने अचेत निष्क्रिय मुख्यमंत्री से मिलकर खटारा सरकार से चुनाव के आखिरी 30 दिनों में 41,000 करोड़ रुपए बंटवा दिया।

अब महीनों से बुर्जुगों को दी जाने वाली सामाजिक पेंशन, छात्रों के स्टूडेंट के क्रेडिट कार्ड के भुगतान, छात्रवृत्ति देने के लिए और कर्मचारियों को सैलरी और पेंशन देने के भी एनडीए सरकार के पास धनराशि नहीं बची क्योंकि भ्रष्टाचार के चलते खजाना खाली है।

## संक्षिप्त खबरें

### 14 साल से फरार 20 हजार के इनामी बदमाश को क्राइम ब्रांच ने दबोचा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 14 साल से फरार चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को घोषित अपराधी (प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर) भी घोषित किया गया था और वह लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। पुलिस के अनुसार, यह गिरफ्तारी क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज की टीम ने की है। आरोपी द्वारका साउथ इलाके में दर्ज एक लूट और अपहरण के मामले में वांछित था और सालों से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी लेकिन वह हर बार अपनी पहचान बदलकर और ठिकाने बदलकर गिरफ्तारी से बच निकलता था। जांच में सामने आया है कि आरोपी बेहद शातिर तरीके से पुलिस को चकमा देता रहा। वह बार-बार शहर बदलता था, अलग-अलग मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करता था और अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। इसी वजह से उसे पकड़ना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था।

### बंगाल में ममता बनर्जी का होने वाला है बहुत बुरा हाल : नायब सैनी



**गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए टीएमसी सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी का वहां की जनता बहुत बुरा हाल करने वाली है। महिला वोटर ऐसी सरकार चाहती हैं जहां सम्मान और आरक्षण मिले। ममता बनर्जी नहीं चाहती है कि बंगाल की महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिले। गुरुग्राम में सीएम नायब सैनी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की पीएम मोदी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनके पास कहने के लिए अब कुछ नहीं बचा है। अब उनके पास मोदी के लिए सिर्फ गालियां ही हैं। कांग्रेस के पास 55 साल थे।

# नेशनल आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल, ढाणी गारण, बरवाला, हिसार (हरियाणा) में महिला सुरक्षा जागरूकता एवं शल्य क्षारसूत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 22 अप्रैल। ढाणी गारण स्थित नेशनल आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल, बरवाला, हिसार (हरियाणा) में छात्राओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसपी कार्यालय से आईं सब-इंस्पेक्टर ममता जी ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। सब-इंस्पेक्टर ममता जी ने छात्राओं को 'समर्पित महिला पुलिस टीम, हिसार' की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा पुलिस हर परिस्थिति में उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने छात्राओं को किसी भी प्रकार के दबाव, उत्पीड़न या अनुचित व्यवहार के विरुद्ध निर्भीक होकर आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव, उसकी रिपोर्ट करने तथा उसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए भी जागरूक किया।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें बस में, कॉलेज के बाहर या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर परेशान करता है, तो वे बिना डर के इसकी शिकायत करें और उचित कार्रवाई के लिए आगे आएं। इसी के साथ कॉलेज में शल्य क्षारसूत्र चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कुल 50 मरीजों का परामर्श किया गया। इस शिविर में डॉ. रंजीत सोलंकर (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष), डॉ. दीक्षा परमार (सहायक प्रोफेसर) तथा डॉ. अमन (सहायक प्रोफेसर) ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

कॉलेज प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता एवं चिकित्सा शिविरों से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास भी बढ़ता है। अस्पताल प्रभारी डॉ. प्रीति ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर कॉलेज के स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सेक्टर 25 पार्ट-2 में बनेगी आधुनिक ट्रक पार्किंग, 9 करोड़ का टेंडर पूरा: प्रमोद विज



» निर्मल सिंह

पानीपत, यूटर्न/ 22 अप्रैल। जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में बुधवार को शहरी विधायक प्रमोद विज ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान विधायक ने बताया कि सेक्टर 25 पार्ट-2 में ट्रकों के लिए आधुनिक पार्किंग का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए करीब 9 करोड़ रुपये का टेंडर पहले ही जारी हो चुका है। उन्होंने उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया से अनुरोध किया कि स्थल की जल्द निशानदेही करवाई जाए ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। इस पर उपायुक्त ने तुरंत संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां भी अतिक्रमण की स्थिति सामने आएगी, वहां पुलिस बल की सहायता से तुरंत कार्रवाई की जाएगी, ताकि परियोजना समय पर पूरी हो सके।

उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि ट्रक पार्किंग परियोजना शहर के यातायात प्रबंधन को सुधारने में अहम भूमिका निभाएगी। इससे सडकों पर खड़े वाहनों की समस्या कम होगी और औद्योगिक क्षेत्र में आवागमन सुगम बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से इसे पूरा किया जाए। वहीं विधायक प्रमोद विज ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शहर के विकास के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, यातायात व्यवस्था सुधारने और नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं लागू की जा रही हैं, जिनका लाभ सीधे जनता को मिल रहा है।

# ग्रैंड मां कॉटेज किड्स प्लेवे में पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया



**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** 7 बी स्थित ग्रैंड मां कॉटेज किड्स स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम बच्चों ने प्राचार्या के साथ मिलकर पौधा रोपण किया! तत्पश्चात विद्यालय में बच्चों द्वारा पृथ्वी की साफ सफाई को लेकर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिससे बच्चों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया जा सके।

उसके बाद बच्चों ने पेड़ो से होने वाले फायदे, जैसे ठंडी छाया, फल, फूल, सब्जियां जैसी सुविधाओं पर ध्यान आकर्षित करने के लिए एक लघु नाटिका का मंचन बच्चों द्वारा किया गया। बच्चों ने एक लघु नाटिका के माध्यम से यह भी दशार्या कि पेड़ो के काटे जाने से मनुष्य को किन किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। इसी माध्यम से विद्यालय ने बच्चों को जागरूक करने की एक छोटी सी पहल की और साथ ही उन्हें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि पृथ्वी का संरक्षण किया जा सके। हमारी आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए हमे पृथ्वी के संरक्षण पर ध्यान देना अति आवश्यक है।

बच्चों ने इन सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साह दशार्या। विद्यालय के प्रबंधक राज पाहवा और प्राचार्या लवलीन पाहवा ने बताया कि हमे हर दिन को पृथ्वी दिवस के रूप में मनाना चाहिए।

कम से कम प्लास्टिक का प्रयोग, अधिक से अधिक पेड़ लगाकर ओर प्रदूषण को कम करकर हम अपनी पृथ्वी का संरक्षण कर सकते हैं और साथ ही सभी विद्यालयो में बच्चों को ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया जाना चाहिए।

# गंगा-यमुना और पंचशील में जल्द होंगे चुनाव

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** सिद्धार्थ विहार स्थित गंगा-यमुना हिंडन अपार्टमेंट और गोविंदपुरम स्थित पंचशील प्रिमरोज सोसायटी में जल्द ही चुनाव होंगे। गंगा-यमुना में डिप्टी रजिस्ट्रार की ओर से नियुक्त चुनाव अधिकारी ने पत्र जारी कर 26 को खुले आम बैठक कराने का निर्देश आरडब्ल्यूए को दिया है। उधर पंचशील में हाल में हुई बैठक में 24 जून से पहले चुनाव कराने का निर्णय लिया। हिंडन अपार्टमेंट के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एएन त्रिपाठी ने बताया कि चार माह पूर्व कार्यकाल पूरा होने की सूचना डिप्टी रजिस्ट्रार को देते हुए चुनाव अधिकारी नियुक्ति करने की मांग की गई थी, ताकि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सकें।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा में 'वॉटर एटीएम' का किया उद्घाटन, कहा- फ्री में मिलेगा शुद्ध पानी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**




दिल्ली के पीतमपुरा स्थित एयू ब्लॉक के एकता कैंप में बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'वॉटर एटीएम' का उद्घाटन किया। यह सुविधा इंडियन ऑयल की सीएसआर पहल के तहत शुरू की गई है, जिसका मकसद स्थानीय लोगों को साफ, सुरक्षित और सस्ता पीने का पानी उपलब्ध कराना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय पूरा देश भीषण गर्मी (हीटवेव) से गुजर रहा है।

तापमान लगातार बढ़ रहा है और कई इलाकों में पानी की किल्लत लोगों की बड़ी परेशानी बनी हुई है। खासकर झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को साफ पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए दिल्ली में यह नया 'वॉटर एटीएम' मॉडल शुरू किया गया है, जो एक तरह का बड़ा आरओ प्लांट है।

उन्होंने बताया कि इस सिस्टम की क्षमता हर घंटे लगभग 2000 लीटर पानी को शुद्ध करने की है। इसके लिए लोगों को एक कार्ड दिया जाएगा, जिसे वॉटर एटीएम में इस्तेमाल करके वे रोजाना करीब 20 लीटर तक साफ और मीठा पानी ले सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पानी पूरी तरह शुद्ध है और किसी भी बड़े आरओ सिस्टम से बेहतर तरीके से काम करता है। सबसे बड़ी बात यह है कि इसके लिए लोगों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में ऐसे लाखों लोग हैं जो लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे थे। कई जगह पाइपलाइन नहीं है या फिर पर्याप्त सप्लाई नहीं पहुंचती। ऐसे इलाकों में यह मॉडल काफी मददगार साबित होगा। अभी तक इंडियन ऑयल के सहयोग से आठ जगहों पर ऐसे वॉटर एटीएम लगाए जा चुके हैं और आगे इस योजना को और विस्तार दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर उस इलाके तक साफ और पीने योग्य पानी पहुंचे, जहां अभी इसकी कमी है। इसके लिए सरकार तेजी से काम कर रही है और आगे भी कई नए प्रोजेक्ट लाए जाएंगे।

# गीता कन्या स्कूल को ग्रीन एंड सस्टेनेबल कैंपस अवार्ड से सम्मानित किया गया

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 22 अप्रैल। विद्या भारती हरियाणा एवं हिन्दू शिक्षा समिति के तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों में निरंतर उत्कृष्ट प्रयासों के लिए 'ग्रीन एंड सस्टेनेबल कैंपस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण द्वारा प्रिंसिपल श्रीमती सुमन बाला को प्रदान किया गया ! उनके नेतृत्व में विद्यालय में वृक्षारोपण, कचरा प्रबंधन, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण तथा विद्यार्थियों में सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने जैसे अनेक सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ. हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ. सौरभ त्रिखा एवं डॉ. राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि श्रीमती अंजलि शर्मा तथा प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी ने समस्त विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# नारी सम्मान पर विपक्ष की राजनीति बेनकाब, महिलाओं के अधिकारों की सच्ची हितैषी भाजपा : भतेरी देवी

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 22 अप्रैल। भाजपा जिला सचिव भतेरी देवी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, लेकिन विपक्ष ने अपने राजनीतिक स्वार्थों के चलते महिलाओं के हितों पर चोट पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यदि यह संशोधन पारित हो जाता तो देश की करोड़ों महिलाओं को लोकसभा और राज्यसभा में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिलता और वे देश की नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा पातीं।



भतेरी देवी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन दीदी योजना, लखपति दीदी योजना, उज्ज्वला योजना और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। भाजपा सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन देने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल महिलाओं के अधिकारों की बात तो करते हैं, लेकिन जब महिलाओं को वास्तविक भागीदारी देने का अवसर आता है तो वे विरोध की राजनीति करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक विधेयक नहीं बल्कि देश की माताओं, बहनों और बेटियों को उनका अधिकार दिलाने का माध्यम है, जिसे विपक्ष ने राजनीतिक कारणों से बाधित करने का प्रयास किया।

भतेरी देवी ने कहा कि विपक्ष द्वारा महिलाओं, विशेषकर ओबीसी महिलाओं के नाम पर दिए जा रहे तर्क केवल भ्रम फैलाने के लिए हैं। जिन दलों ने वर्षों तक महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, वे आज महिलाओं के हितैषी बनने का दिखावा कर रहे हैं। देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और वे समझती हैं कि कौन उनके हित में कार्य कर रहा है और कौन केवल राजनीति कर रहा है।

उन्होंने विश्वास जताया कि देश की महिलाएं भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा रखती हैं और आने वाले समय में महिलाओं के अधिकारों को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को समाज और राजनीति में बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी तथा नारी सम्मान और सशक्तिकरण का यह अभियान निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।



# पृथ्वी दिवस पर महाराजा अग्रसेन स्कूल में जागरूकता का संदेश, छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**अश्विनी वालिया, कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल मोती चौक थानेसर के प्रांगण में आज 22 अप्रैल 2026 को पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने पृथ्वी को बचाने के महत्व पर भाषण प्रस्तुत किए इस अवसर पर पोस्टर निर्माण, नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण जैसे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधान श्री विशाल सिंगला जी एवं कैशियर श्री विशेष गर्ग जी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा सभी को पृथ्वी की रक्षा करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय में नए-नए पौधे लगवाए जिससे कि विद्यालय का वातावरण हरा भरा रहे। विद्यालय के प्रशासक श्री विकास बंसल जी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण को स्वच्छ और हरा भरा बनाए रखने के सरल उपाय बताएं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रुचिका बंसल जी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई। विद्यालय के सभी अध्यापक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# मानव तस्करी विरोधी इकाई ने बाल श्रम और बाल तस्करी के विरुद्ध चलाया जागरूकता, अभियान

» निर्मल सिंह

पानीपत, यूटर्न/ 22 अप्रैल। मानव तस्करी विरोधी इकाई ने एमडीडी ऑफ इंडिया के साथ संयुक्त रूप से बाल श्रम और बाल तस्करी के खिलाफ फ्लोरा चौक पर एक जागरूकता अभियान चलाया जिसमें दुकानदारों और फैक्ट्री मालिकों को छोटे बच्चों से काम न कराने की अपील की गई।



स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज ए एस आई संदीप कुमार ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए भारत सरकार कई तरह के सरकारी कार्यक्रम चलाती है। अगर किसी को भी बाल श्रम का कोई मामला दिखे, तो उस व्यक्ति को तुरंत श्रम विभाग, मानव तस्करी विरोधी इकाई, बाल कल्याण समिति, जिला प्रशासन या एमडीडी ऑफ इंडिया जैसी गैर सरकारी संस्थाओं को इसकी जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी को भी बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति या कोई गुमशुदगी अथवा मानव तस्करी की सूचना मिलती है तो तुरन्त उनके नंबर 7015986378 पर संपर्क करें। एमडीडी ऑफ इंडिया से अजय चौहान ने कहा कि बाल श्रम एक कानूनी अपराध है और बच्चों के सुनहरे भविष्य में रुकावट है। बच्चों को स्कूल से जोड़े और उनको खेलने कूदने के पर्याप्त मौके दें ताकि वे एक बेहतर नागरिक बन सकें।

इस कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई से स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एस आई संदीप कुमार, एएसआई जगवीर, शेखर और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे।

# रिकॉर्ड संख्या में भक्तों ने कराया पंजीकरण

## केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर बोले सीएम धामी

**केदारनाथ, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** देवभूमि उत्तराखंड की पवित्र धरती पर बुधवार को श्री केदारनाथ धाम के कपाट पूरे विधि-विधान के साथ सभी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। सुबह 8 बजे शुभ मुहूर्त में कपाट खुलते ही पूरा धाम हर-हर महादेव और जय श्री केदार के उद्घोष से गूंज उठा। सिख रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुन के बीच कपाट उद्घाटन का यह दिव्य क्षण और भी अलौकिक बन गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उपस्थित रहे। इस दौरान सीएम धामी ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि अब तक श्रद्धालुओं की ओर से रिकॉर्ड संख्या में पंजीकरण हुए हैं, और बाबा की कृपा से यह संख्या हर साल बढ़ रही है। सभी श्रद्धालु आएं, देवभूमि सभी के लिए तैयार है। साथ ही, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। यात्रा के दौरान जो नियम हैं, वहां सभी नियमों का पालन करें। किसी भी जगह पर गंदगी न होने दें। उन्होंने कहा कि आज का दिन अत्यंत शुभ है। बाबा के कपाट सभी श्रद्धालुओं के लिए खुल गए हैं। पूरे देश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को बाबा के दर्शन सुलभ हों। दर्शन बिना किसी बाधा या असुविधा के सुचारू रूप से संपन्न हों। इसके लिए मंदिर प्रशासन ने इस वर्ष बेहतरीन व्यवस्थाएं की हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस पावन क्षण में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री मोदी के नाम से बाबा केदार की प्रथम पूजा-अर्चना की तथा विधि-विधान से अभिषेक कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं राष्ट्र की निरंतर प्रगति की कामना की।



# मोदी पर टिप्पणी मामले में चुनाव आयोग ने खड़गे को भेजा नोटिस, 24 घंटे में मांगा जवाब



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कथित रूप से ह्लआतंकवादीह्व शब्द के इस्तेमाल पर कड़ा रुख अपनाया है और उन्हें 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार, आयोग ने इस टिप्पणी को चुनाव आचार संहिता के संभावित उल्लंघन के रूप में देखा है, खासकर उन प्रावधानों के तहत जो चुनावी अवधि के दौरान शालीनता बनाए रखने और भड़काऊ या आपत्तिजनक भाषा से बचने से संबंधित हैं। चुनाव आयोग की यह कार्रवाई उस समय आई जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को आयोग से मिला और खड़गे की टिप्पणी के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। भाजपा ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इससे अन्य लोगों के लिए भी ह्लनजीरह्व स्थापित होनी चाहिए। भाजपा के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, निर्मला सीतारमण और अर्जुन राम मेघवाल के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह शामिल थे। सभी नेताओं ने चुनाव आयोग से हस्तक्षेप कर कांग्रेस अध्यक्ष के ह्लजहरीले बयानह्व पर कार्रवाई करने की अपील की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री के खिलाफ इस्तेमाल की गई आपत्तिजनक भाषा पर गहरा दुख और आक्रोश जताया है तथा तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा, ह्लखड़गे द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को ह्यआतंकवादीह्ल कहना सिर्फ एक टिप्पणी नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का गंभीर अपमान है। इस तरह के शर्मनाक आचरण को सामान्य नहीं बनाया जा सकता।ह्व

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना मंडी, हिसार में पृथ्वी दिवस पर 'धरती माँ' को समर्पित कार्यक्रम

» **हरियाणा, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना मंडी में आज पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पूरा दिन 'धरती माँ' को समर्पित किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने संकल्प लिया कि वे पृथ्वी को अपनी माँ समझकर इसकी स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखने के लिए पूरा प्रयास करेंगे।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. भुवनेश भारद्वाज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, 'हमें जन्म देने वाली एक माँ है जिसने हमें अपना दूध पिलाया, और एक वही माँ है-हमारी धरती माँ झ्र जो विश्व के सभी लोगों का पोषण करती है। इसकी देखभाल करना हमारा कर्तव्य है। अपनी धरती को सुंदर बनाने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाने होंगे। इसके साथ-साथ हम अपने घरों में भी गमलों में औषधीय पौधे लगाकर कम से कम अपने घर के वातावरण को स्वच्छ रख सकते हैं।' विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सतीश भारती ने कहा, 'बीमारियों से दूर रहने का सबसे सही तरीका है प्रकृति से जुड़े रहना। जितना हम प्रकृति से जुड़े रहेंगे, प्रकृति हमें दस गुना लौटाकर देगी।'

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।






## भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र की नई कार्यकारिणी का वर्ष 2026 - 27 विक्रम संवत 2083 के लिए हुआ दायित्व ग्रहण समारोह

**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा का वर्ष 2026 -27 यानी विक्रम संवत 2083 के लिए विद्या भारती संस्कृति भवन के नैमिषारण्य सभागार में दायित्व ग्रहण समारोह कल संपन्न हुआ । सर्वप्रथम सभागार में उपस्थित गण मान्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया फिर वंदे मातरम के पश्चात प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता प्रांतीय महासचिव अतुल गोयल एवं प्रांतीय वित्त सचिव नीरज गर्ग का को अंगवस्त्र एवं श्रीफल देकर उनका स्वागत किया गया । इस अवसर पर विकास रल्हन एवं जय रल्हण द्वारा बहुत ही मनमोहक भजन संध्या प्रस्तुत की गई । नई कार्यकारिणी में जयप्रकाश पावर को अध्यक्ष डॉ जवाहरलाल को सचिव एवं मनोज सेतिया को वित्त सचिव की शपथ तथा विनोद गुप्ता, राजकुमार वालिया ,रणबीर कुमार रामपाल एवं सौरव गोयल को नए सदस्यों के रूप में शपथ प्रांतीय महासचिव अतुल गोयल, प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता एवं प्रांतीय वित्त सचिव नीरज गर्ग द्वारा दिलवाई गई ।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## दिल्ली पुलिस की वर्दी पर फिर लगा दाग एंटी नारकोटिक्स सेल से 52 लाख की नकदी जब्त, हवलदार रंगेहाथ पकड़ा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

दिल्ली पुलिस की वर्दी पर एक और काला धब्बा मंगलवार रात को उस समय लग गया जब सीबीआई ने द्वारका की एंटी नारकोटिक्स सेल के कार्यालय से 52 लख रुपये बरामद किए। सीबीआई ने नारकोटिक्स सेल में तैनात हवलदार अजय को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी के बाद नारकोटिक सेल के इंचार्ज सुभाष चंद्र को लाइन में भेज दिया गया है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, एंटीनाकोटिक्स सेल ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में उत्तम नगर से सांसी समुदाय की एक लड़की को गिरफ्तार किया था। इस मामले में आरोप है कि सेल के अधिकारी लड़की की मां से पैसे की मांग कर रहे थे। लड़की की मां ने इसकी सीबीआई को शिकायत कर दी और सीबीआई ने मंगलवार रात को 200000 की रिश्वत लेते हुए हवलदार अजय को गिरफ्तार कर लिया।

बताया जा रहा है कि इसके बाद सीबीआई ने एंटी नारकोटिक्स सेल के कार्यालय में सर्च ऑपरेशन चलाया, जहां से 50 लाख रुपये और बरामद किए गए। द्वारका जिला पुलिस उपाय कुशल पाल सिंह ने इस छापेमारी की पुष्टि की है।

# दिल्ली में पसरता कंक्रीट का जंगल, 10 साल में 7 डिग्री बढ़ा पारा; 'अर्बन हीट आयलैंड' से हालात

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

दिल्ली के तापमान में पहले की तुलना में तेजी से बदलाव हुआ है। पिछले 10 साल में करीब 7 डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इसका खामियाजा राजधानी ही नहीं देश के हर कोने में सबको भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में दिल्ली गर्म द्वीपों का शहर बनती जा रही है। 2014 की मई में दिल्ली में अमूमन 30-33 डिग्री तक रहने वाला पारा मई 2024 में 40 डिग्री तक पहुंच गया।

हालांकि यह दिन ब दिन बढ़ ही रहा है। इसकी पुष्टि सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की कई रिपोर्ट करती हैं। इसे जलवायु परिवर्तन का असर कहें या ग्लोबल वार्मिंग का प्रकोप... लेकिन देश की राजधानी साल दर साल हीट आइलैंड बन रही है। अनुमान है कि इस साल 24 अप्रैल तक लोग 43 डिग्री से ऊपर का तापमान झेलेंगे। बारिश के पैटर्न में बदलाव, खासकर मानसून से पहले के समय में



बेमौसम बारिश के कारण तापमान बदला है।

### क्या है अर्बन हीट आइलैंड

जब किसी शहर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में तापमान में अधिक बढ़ोतरी हो जाती है, उसे अर्बन हीट आइलैंड कहते है। इसकी बड़ी वजह है इंसानी गतिविधियां। किसी भी शहर को हीट आइलैंड बनने में सबसे अहम रोल होता है उसकी बसावट का। वो शहर किस तरह का है, वहां इमारतें कैसी हैं और उसे किस तरह से डिजाइन किया गया है। यही बातें सबसे अहम होती हैं। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में तापमान बढ़ने और इनके हीट आइलैंड में तब्दील होने में भी यही फैक्टर जिम्मेदार हैं।

### बढ़ा कंक्रीट का जंगल

पिछले चार दशकों में दिल्ली में कंक्रीट का जंगल काफी हद तक बढ़ा है, जो अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव में भी वृद्धि कर रहा है। 2000 के बाद दिल्ली में तेजी से विकास कार्य हुए हैं। निर्माण कार्यों में इजाफा हुआ। खाली पड़ी जमीन पर फ्लैटों का निर्माण हुआ है, तो हरित क्षेत्र बढ़ाने के नाम पर भी वृक्ष के बजाय झाड़ियां अधिक लगाई गईं। 2003 में दिल्ली का 31.4 प्रतिशत हिस्से पर निर्माण था, जबकि अब यह बढ़कर 40 प्रतिशत को पार कर चुका है।

बड़े पैमाने की मौसमीय स्थितियों लगातार उच्च दाब, साफ आसमान और शुरूआती लू की स्थितियों के कारण हो सकता है, जो जलवायु परिवर्तन और जेट स्ट्रीम में बदलाव से जुड़े हैं, जिससे क्षेत्र के ऊपर गर्म हवा लंबे समय तक बनी रहती है।

**-संजय कुमार मिश्रा,**
**पर्यावरण विशेषज्ञ**

विकसित भारत की परिकल्पना शहरी विकास के बिना संभव नहीं है। शहरों को विकास का इंजन माना जाता है, किंतु तीव्र होते जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों के कारण हमारे शहर आज इस लक्ष्य को प्राप्त करने में गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इस पर ध्यान देना होगा।

## सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए किया गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह मामला दिल्ली के द्वारका स्थित एंटी नारकोटिक्स सेल से जुड़ा हुआ है।

सीबीआई ने 21 अप्रैल को मिली एक शिकायत के आधार पर इस मामले में



एफआईआर दर्ज की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि हेड कांस्टेबल और उसके साथ जुड़े अन्य अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति को झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी और उससे 15 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की।

इसके साथ ही आरोपी ने शिकायतकर्ता को यह भी निर्देश दिया था कि वह पहली किस्त के रूप में 5 लाख रुपए दे। जांच के दौरान सीबीआई ने जाल बिछाया और 2 लाख रुपए की पहली किस्त लेते हुए आरोपी हेड कांस्टेबल को रंगे हाथों पकड़ लिया। यह रकम कुल 15 लाख रुपए की रिश्वत का हिस्सा थी, जो शिकायतकर्ता से मांगी गई थी। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने संबंधित कार्यालय परिसर की तलाशी भी ली, जिसमें लगभग 48.87 लाख रुपए नकद बरामद किए गए हैं। इस बरामदगी के बाद मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। सीबीआई ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है, ताकि इस मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका का भी पता लगाया जा सके।

## पीटता रहा पति, चीखने पर भी ससुरालियों पर न बचाने का आरोप

» **इंदिरापुरम, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

अभयखंड एक स्थित एचआईजी फ्लैट्स निवासी हिना ने पत्नी पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया है। आरोप है कि पीटते समय ससुरालियों उन्हें बचाने का भी प्रयास नहीं किया। पड़ोसी के मोबाइल से भाई को कॉल की तो उन्होंने आकर बचाया। पुलिस ने आरोपी पति चेतन कुमार के खिलाफ 21 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। हिना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 अप्रैल को उसके पति ने शराब के नशे में बुरी तरह मारपीट की। कमरे के अंदर से बाहर सीढ़ियों तक घसीटा। इसकी वजह से उनके सिर में चोट लगी और खून निकलने लगा। इस दौरान मदद के लिए चीखीं-चिल्लाईं लेकिन घर में मौजूद किसी भी ससुराल वाले ने उनके पति को नहीं रोका।



किसी तरह पति के चंगुल से छूटकर वह घर की छत पर पहुंचीं और किरायेदार के मोबाइल फोन से भाई को कॉल की। रात करीब 2:30 बजे उनके भाई ने पहुंचकर पुलिस को बुलाया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पति के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों के गले पर चाकू रखकर महिला से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा, कोर्ट ने नरमी की गुहार ठुकराई



» **दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

तीस हजारी स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा सुनाई है। आरोपी ने 2023 में बच्चों के गले पर चाकू रखकर उन्हें जान से मारने का डर दिखाकर महिला के साथ उसके ही बच्चों के सामने ही दुष्कर्म किया था।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रियंका भगत ने दोषी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि आरोपी की कम उम्र उसे राहत देने का आधार नहीं बन सकती। जिस बर्बरता से उसने एक असहाय महिला को उसके बच्चों के सामने डराया-धमकाया और अपराध को अंजाम दिया, उसमें किसी तरह की नरमी की गुंजाइश नहीं है। इस मामले में नबी करीम थाना में मामला दर्ज हुआ था।

अभियोजन के अनुसार, 10 अगस्त 2023 की रात पीड़िता के पति ने शराब के नशे में झगड़ा कर उसे और उसके तीन छोटे बच्चों को घर से निकाल दिया था। अगले दिन सुबह करीब साढ़े चार बजे महिला एक चाय की दुकान पर बैठी थी, तभी आरोपी हाथ में चाकू लेकर वहां पहुंचा और उसे जबरन अपने साथ चलने को कहा।

विरोध पर उसने बच्चों की जान से मारने की धमकी दी। ममता के चलते मजबूर हुई महिला आरोपी के साथ गली में गई, जहां उसके साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया। इसी दौरान आरोपी के दो नाबालिग साथी भी मौके पर पहुंचे। उनमें से एक ने भी पीड़िता के साथ दरिंदगी की, जबकि दूसरा वहां मौजूद रहा।

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि आरोपी ने न सिर्फ महिला की अस्मिता को ठेस पहुंचाई, बल्कि उसके बच्चों के सामने क्रूरता की सारी सीमाएं पार कर दी। विरोध करने पर उसने पीड़िता की बेटी के पेट पर चाकू रखकर जान से मारने की धमकी दी। अदालत ने पीड़िता के बयान को पूरी तरह विश्वसनीय मानते हुए कहा कि ऐसे मामलों में पीड़िता की गवाही ही दोष सिद्ध करने के लिए पर्याप्त हो सकती है।

## बेड पर पड़ा मिला विवाहिता का शव

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

कविनगर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने शव मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि सेक्टर नौ स्थित चिरंजीव विहार में मंगलवार की दोपहर परिजनों को कमरे में विवाहिता आकृति उर्फ शालू(34) का शव बेड पर पड़ा मिला। शालू के मायका पक्ष बुलंदशहर स्थित सलेमपुर थाने के चितसौन गांव निवासी परिजनों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। ससुरालियों ने बताया कि शालू बीमार थी और मिरगी के दौरे आते थे।



मंगलवार की सुबह शालू के पति राहुल शर्मा ड्यूटी पर चले गए थे। उनकी बेटी स्कूल चली गई थी। जब बेटी स्कूल से लौटी तो शालू का दरवाजा अंदर से बंद था। बच्ची को उसकी चाची ने खाना दिया और राहुल शर्मा को कमरा बंद होने की सूचना दी। घर लौटे राहुल शर्मा कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो शालू का शव बेड पर पड़ा था।

## संक्षिप्त खबरें

### दो वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

**लोनी, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान मंगलवार को सभापुर अंडरपास से दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। कब्जे से चोरी की बाइक बरामद हुई है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि दोनों आरोपी फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे थे। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपनी पहचान शाहनवाज निवासी मुस्तफाबाद, गोकुलपुरी दिल्ली और समीर निवासी सरला विहार थाना अंकुर विहार के रूप में कराई। दोनों बाइक लोनी के डीएलएफ अंकुर विहार कॉलोनी से चोरी की थी।

### सड़क हादसे में घायल किशोरों की हालत खतरे से बाहर

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** कनावनी पुस्ता मार्ग पर 19 अप्रैल की देर शाम हुए सड़क हादसे में घायल दो किशोर अंश व पीयूष की हालत अब खतरे से बाहर है। मंगलवार को उन्हें साहिबाबाद के मोहन नगर स्थित अस्पताल में रेफर किया गया है।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पीयूष, शाकिब और सत्यम 19 अप्रैल को कनावनी में अपने दोस्त अंश से मिलने घर गए थे। वहां रुकने के बाद अंश उनको अपनी स्कूटी से वसुंधरा घर छोड़ने जा रहा था। पुस्ता मार्ग पर ही टैक्सी ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इसमें शाकिब की मौके पर ही और सत्यम की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी। अंश और पीयूष का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। एसीपी ने बताया कि दोनों बच्चों को मोहन नगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत खतरे से बाहर है। परिवहन विभाग से स्कूटी का पता चला है कि वह अंश के पिता रामकृष्ण यादव के नाम पर पंजीकृत है।

### लव जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ कठोर कानून बनाने की मांग

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** देश में बढ़ रहीं लव जिहाद और धर्मांतरण की घटना को रोकने के लिए कानून बनाने की मांग के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय हनुमान दल ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन दल के महानगर अध्यक्ष आकाश गोस्वामी के नेतृत्व में सौंपा गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की बेटियों को एक खास वर्ग की ओर से निशाना बनाया जा रहा है। फुसलाकर धर्म बदलकर उनका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। यह सरासर गलत है। नासिक की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में ऐसा मामला आना बेटियों के लिए बेहद चिंता का विषय है।

# भारतीय शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद, सेंसेक्स करीब 1 प्रतिशत फिसला; आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा गिरावट



## भारत का सीफूड निर्यात वित्त वर्ष 26 में 72,000 करोड़ रुपए से अधिक रहा, फ्रोजन झींगों की मांग बढ़ी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** भारत के सीफूड निर्यात की वैल्यू वित्त वर्ष 26 में बढ़कर रिकॉर्ड 72,325.82 करोड़ रुपए (8.28 अरब डॉलर) पर पहुंच गई है। साथ ही, वॉल्यूम 19.32 लाख मीट्रिक टन रही है। यह जानकारी मरीन प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमपीईडीए) के ओर से जारी प्रोविजनल डेटा में दी गई। देश के सीफूड निर्यात में फ्रोजन झींगों की मांग सबसे अधिक रही और कुल निर्यात में इनकी हिस्सेदारी 47,973.13 करोड़ रुपए (5.51 अरब डॉलर) थी। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अनुसार, झींगा मछली की वॉल्यूम में 4.6 प्रतिशत और वैल्यू में 6.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे भारत के सीफूड उत्पादों के निर्यात में इसका दबदबा और मजबूत हुआ है। आधिकारिक बयान के अनुसार, अमेरिका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बना रहा, जहां भारत ने 2.32 अरब डॉलर का निर्यात किया। हालांकि, अमेरिका को होने वाले निर्यात में वॉल्यूम के हिसाब से 19.8 प्रतिशत और वैल्यू के हिसाब से 14.5 प्रतिशत की गिरावट आई, जो मुख्य रूप से टैरिफ के प्रभाव को दर्शाती है। हालांकि, चीन, यूरोपीय संघ और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों जैसे अन्य बाजारों में मजबूत वृद्धि ने इस गिरावट की भरपाई कर दी।

» **मुंबई, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**



मध्य पूर्व में जारी संघर्षों के बीच वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों के चलते हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 756.84 अंकों यानी 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,516.49 पर ट्रेड करते नजर आया, तो वहीं एनएसई निफ्टी50 198.50 (0.81 प्रतिशत) अंक फिसलकर 24,378.10 पर पहुंच गया।

दिन के कारोबार में सेंसेक्स 79,019.34 पर खुलकर 831 अंक यानी 1 प्रतिशत गिरकर 78,442.30 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 50 24,470.85 पर खुलकर 224 अंक या 0.9 प्रतिशत गिरकर अपने 24,352.90 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया।

इस दौरान, व्यापक बाजार सूचकांक प्रमुख बेंचमार्कों से बेहतर प्रदर्शन करते नजर आए और हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में जहां 1.13 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली, वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में 0.19 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी मीडिया, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी मेटल, निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी फार्मा में तेजी देखने को मिली। वहीं इसके विपरीत निफ्टी आईटी में सबसे ज्यादा 3.89 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.87 प्रतिशत, निफ्टी प्राइवेट बैंक में 0.73 प्रतिशत और निफ्टी ऑटो में 0.66 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली।

निफ्टी50 पैक में टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एचयूएल, एनटीपीसी, टीएमपीवी, हिंडाल्को, अदाणी इंटरप्राइजेज, इटरनल और नेस्ले इंडिया के शेयरों में 3-1 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली, और ये टॉप गेनर्स में शामिल रहे। वहीं, इसके विपरीत एचसीएल टेक के शेयरों में सबसे ज्यादा 10.74 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही इंफोसिस, एमएंडएम, टीसीएस, टेक महिंद्रा, बजाज-ऑटो, मैक्सहेल्थ, एचडीएफसी लाइफ और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भी 3-1.5 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

घरेलू बाजार में यह गिरावट अमेरिकी-ईरान युद्धविराम को लेकर सतर्कता और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी जारी रहने के कारण आई।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया और राजनयिक प्रयासों के जारी रहने के साथ-साथ होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी भी बरकरार रखी। इस बीच, अमेरिकी-ईरान शांति वार्ता के लिए उपराष्ट्रपति जेडी वैंस की पाकिस्तान यात्रा स्थगित कर दी गई।

## ओपनएआई ने इमेजेज 2.0 लॉन्च किया मिलेगा अधिक रियल आउटपुट

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**



दिग्गज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और चैटजीपीटी की पैरेंट कंपनी ओपनएआई ने अपने प्लेटफॉर्म में 'इमेजेज 2.0' को लॉन्च किया है। यह एक अगली पीढ़ी का इमेज जनरेशन मॉडल है, जिसका उद्देश्य अधिक तर्क क्षमताओं के लिए सटीक, रियल और अधिक उपयोग विजुअल प्रदान करना है। कंपनी ने बताया कि इमेजेज 2.0 निर्देशों का पालन करने और इमेज में मौजूद बारीक एलिमेंट्स को संभालने के तरीके में सुधार करता है। यह छोटे टेक्स्ट, आइकन और यूजर इंटरफेस एलिमेंट्स को पहले के मुकाबले अधिक सटीकता से प्रस्तुत करता है।

साथ ही यह अलग-अलग अनुपात वाली इमेज को जनरेट करने में सक्षम है, जिसमें सोशल मीडिया ग्राफिक्स से लेकर प्रिजेंटेशन शामिल हैं। कंपनी के मुताबिक, इसमें एक बड़ा अपडेट सोचने की क्षमता है। यह मॉडल रियल-टाइम जानकारी के लिए वेब सर्च मॉडल का उपयोग करने में सक्षम है और एक ही प्रोम्प्ट से कई अलग-अलग इमेज जनरेट कर सकता है। ओपनएआई के मुताबिक, चैटजीपीटी इमेजेज 2.0 अलग-अलग भाषाओं में भी प्रदर्शन करने में सक्षम है। यह मॉडल जापानी, कोरियाई, चीनी, हिंदी और बंगाली भाषाओं में तस्वीरों के अंदर टेक्स्ट को अधिक सटीकता के साथ जारी कर सकता है। विजुअल क्वालिटी के मामले में, इमेजेज 2.0 फोटोग्राफ, सिनेमाई स्टिल्स, मंगा और पिक्सेल आर्ट जैसे फॉर्मेट में बेहतर रियल और सटीक विजुअल प्रदान करता है, साथ ही प्रकाश, बनावट और बारीक विवरणों को बेहतर ढंग से संभालता है।

कंपनी ने बताया कि इमेजेज 2.0 यूआई स्क्रीनशॉट, मैगजीन लेआउट, इन्फोग्राफिक्स, हाथ के लिखे नोट्स, कॉमिक्स और मंगा, विज्ञापन और सिनेमाई विजुअल जैसे विभिन्न उपयोगों और स्टाइल के साथ-साथ कैनवा, फिग्मा और एडोब जैसे प्लेटफार्मों पर डिजाइन वर्कफ्लो को आसान बनाता है।

ओपनएआई ने कहा कि यह नया मॉडल चैटजीपीटी और कोडेक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। हालांकि, सोचने वाले कुछ एडवांस फीचर्स केवल पेड यूजर्स के लिए उपलब्ध होंगे।

## अटल पेंशन योजना ने बनाया रिकॉर्ड, नामांकन 9 करोड़ के पार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि अटल पेंशन योजना में नामांकन भरने वालों की कुल संख्या रिकॉर्ड 9 करोड़ से अधिक हो गई है। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कुल नामांकन 1.35 करोड़ ग्राहकों को पार कर गया, जो योजना की शुरूआत के बाद से एक वित्तीय वर्ष में दर्ज किए गए अब तक के सबसे अधिक नामांकन हैं। अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को 9 मई, 2015 को सभी भारतीयों के लिए एक यूनिवर्सल सोशल सिक्योरिटी सिस्टम स्थापित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, एपीवाई केंद्र सरकार की एक प्रमुख सोशल सिक्योरिटी स्कीम है, जिसका संचालन पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा किया जाता है। मंत्रालय के अनुसार, एपीवाई को 'संपूर्ण सुरक्षा कवच' प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है.

## स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज पर अनिश्चितता जारी कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब

» **मुंबई, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**



वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई है। इसकी वजह अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता बने रहना और स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज पर आवाजाही बंद रहना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स का दाम 0.82 प्रतिशत बढ़कर 99.29 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड का दाम 1.15 प्रतिशत बढ़कर 90.71 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

इससे पहले के सत्र में कच्चे तेल की कीमत में 3 प्रतिशत के आसपास की बढ़ोतरी देखी गई थी।

हालांकि, सुबह 11:21 पर भारत में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर क्रूड ऑयल का फ्यूचर्स 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,314 रुपए पर था। ट्रंप द्वारा ईरान के साथ युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाने की घोषणा के बाद बाजार का रुख सतर्क बना रहा, क्योंकि नौसैनिक नाकाबंदी जारी है और स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से आवाजाही बंद है। वहीं एक सोशल मीडिया पोस्ट में, ट्रंप ने दावा किया कि ईरान 'आर्थिक रूप से ढह रहा है' और 'प्रतिदिन 50 करोड़ डॉलर का नुकसान उठा रहा है', साथ ही उन्होंने कहा कि तेहरान स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को फिर से खोलने के लिए उत्सुक है।

रिपोर्टों के अनुसार,स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से होकर गुजरने वाली शिपिंग गतिविधियां काफी हद तक बंद हैं, और पिछले 24 घंटों में जहाजों की आवाजाही बहुत कम दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई और बैंकॉक हरे निशान में थे, जबकि हांगकांग और सोल लाल निशान में थे। अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को लाल निशान में बंद हुए थे। वहीं, भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट देखी जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### 1800 करोड़ के भुगतान से एनएसई आईपीओ का रास्ता साफ

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** लंबे समय से प्रतीक्षित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का बहुप्रतीक्षित आईपीओ अब जल्द ही शेयर बाजार में दस्तक दे सकता है। बाजार नियामक सेबी (सेबी) के एक विशेषज्ञ पैनल ने एनएसई के प्रमुख नियामकीय मामलों को करीब 1800 करोड़ रुपये का भुगतान कर सुलझाने के प्रस्ताव को अपनी हरी झंडी दे दी है। इस मंजूरी से दुनिया के सबसे बड़े डेरिवेटिव्स एक्सचेंज के आईपीओ का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है, जो गवर्नेंस से जुड़े विवादों के कारण लगभग एक दशक से अटका हुआ था। एक रिपोर्ट के अनुसार सेबी ने एक बाहरी पैनल का गठन किया था, जिसने एनएसई को अपने पुराने कानूनी मामलों को सुलझाने के लिए 1800 करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक भुगतान करने का सुझाव दिया था। एनएसई पर गवर्नेंस में कमी और सभी ट्रेडिंग सदस्यों को समान अवसर न देने जैसे आरोप लगे थे, जिसके चलते यह आईपीओ अक्टूबर 2016 में ड्राफ्ट दस्तावेज जमा करने के बावजूद लगभग 10 साल से अटका हुआ था। कोलोकेशन मामले और तकनीकी सिस्टम व आंतरिक नियंत्रणों में खामियां भी इसकी प्रमुख वजहें थीं।

### ईरान तनाव से कच्चा तेल और डॉलर मजबूत, गैस सस्ती

#### होरमुज में गतिरोध और अमेरिका-ईरान वार्ता टूटने से अनिश्चितता बढ़ी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** ईरान से जुड़ा बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक बाजारों में बड़ी हलचल पैदा कर रहा है। इसके चलते कच्चे तेल के दाम आसमान छू रहे हैं, डॉलर मजबूत हो रहा है, जबकि प्राकृतिक गैस की कीमतों में गिरावट दर्ज की जा रही है। ईरान से तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें 89 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर बनी हुई हैं, जिसमें हाल ही में 2 फीसदी से अधिक की तेजी आई। वैश्विक तेल आपूर्ति का प्रमुख मार्ग होरमुज जलडमरूमध्य में व्यवधान और अमेरिका-ईरान वार्ता के टूटने से बाजार में अनिश्चितता बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस स्थिति से रोजाना 4-5 मिलियन बैरल तेल की मांग प्रभावित हो सकती है, जिसका सबसे ज्यादा असर एशिया पर दिखेगा। इस माहौल में डॉलर इंडेक्स 98.3 के पार मजबूत बना हुआ है, क्योंकि निवेशक अनिश्चितता के बीच इसे सुरक्षित निवेश मान रहे हैं। फेडरल रिजर्व के सख्त मौद्रिक नीति के संकेत भी डॉलर को सहारा दे रहे हैं।

## विदेश यात्रा के नियम बदले, बिना पेन कार्ड वालों को अब भरना होगा फॉर्म-157

### फॉर्म को ऑनलाइन जमा करने की सुविधा नहीं होगी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**




विदेश यात्रा की योजना बना रहे लोगों के लिए सरकार ने अहम बदलाव किए हैं। एक नई व्यवस्था लागू होगी, जिसके तहत पेन कार्ड न रखने वाले यात्रियों को अब विदेश जाने से पहले फॉर्म 157 भरना अनिवार्य होगा। यह नियम खासकर उन लोगों के लिए है जो आयकर के दायरे में नहीं आते या जिनके पास स्थायी खाता संख्या (पेन) नहीं है। आयकर अधिनियम 2025 और नियम 2026 के तहत लागू इस प्रणाली का लक्ष्य उन यात्रियों का रिकॉर्ड रखना है जो आयकर के दायरे में नहीं आते। इसका उद्देश्य कर प्रणाली को सुदृढ़ करना और यात्रा डेटा को बेहतर ढंग से ट्रैक करना है। हालांकि, जिन यात्रियों के पास पेन कार्ड है और जो नियमित रूप से आयकर रिटर्न (आईटीआर) :दाखिल करते हैं, उन्हें इस फॉर्म को भरने की आवश्यकता नहीं होगी। यह फॉर्म 157 एक स्व-घोषणा प्रमाण पत्र है, जो पुराने फॉर्म 156 का स्थान लेगा। यह इवेंट-आधारित फॉर्म है, जिसका अर्थ है कि प्रत्येक विदेश यात्रा के लिए इसे अलग से भरना अनिवार्य होगा। इस फॉर्म को ऑनलाइन जमा करने की सुविधा नहीं होगी; यात्रियों को इसे संबंधित क्षेत्रीय आयकर अधिकारी के पास जाकर ऑफलाइन जमा करना होगा। फॉर्म भरते समय पासपोर्ट विवरण, व्यक्तिगत जानकारी (नाम, पता), यात्रा का उद्देश्य और विदेश में रुकने की अवधि जैसी जानकारी देनी होगी। आधार कार्ड अनिवार्य नहीं है, लेकिन सत्यापन के लिए मोबाइल नंबर देना उचित होगा। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे इस नए नियम को यात्रा से पहले अच्छी तरह समझ लें, ताकि बाद में किसी परेशानी से बचा जा सके।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें



### लोनी की हवा सुधारने पर खर्च किए जाएंगे 91 लाख

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** प्रदूषण में विश्व पटल पर लोनी का नाम आने के बाद से जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दोनों ही सख्त हो गए हैं। तीन सप्ताह से जहां लोनी में चल रहे अवैध फैक्टरियों को सील किया जा रहा है। वहीं अब लोनी की हवा साफ करने के लिए नगरपालिका को 91 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। इस बजट से एंटी स्मॉग गन और रूट स्कीपिंग मशीन खरीदी जाएंगी। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि सर्वे में स्पष्ट हो चुका है कि उड़ती धूल ही हवा को सबसे अधिक खराब कर रही है। ऐसे में सड़क से धूल मशीन से साफ कराने और सुबह-शाम पानी के छिड़काव के लिए एंटी स्मॉक गन के लिए बजट मिला है। इसके साथ ही नगरपालिका को अपने स्तर से सड़कों की साफ-सफाई केलिए कहा गया है।

### साहिबाबाद डिपो में हर दिन हो रहीं 10 बस चार्ज

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** साहिबाबाद डिपो में इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन तैयार हो गया है। अब यहां एक साथ कई बसों को चार्ज करने की सुविधा हो गई है। साथ ही बसों को चार्जिंग के लिए नोएडा और कौशांबी स्टेशनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे न केवल संचालन सुचारु होगा, बल्कि ईंधन लागत और समय दोनों की बचत भी होगी। डिपो में स्थापित चार चार्जिंग प्वाइंट्स से 10 इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज किया जा रहा है। इससे बसों के संचालन में गति आएगी और समय की बचत भी होगी। चार्जिंग स्टेशन के बाद डिपो में खड़ी 28 बसों का संचालन भी शुरू किया जाएगा। 10 एसी इलेक्ट्रिक बस कश्मीरी गेट-मुजफ्फरनगर मार्ग पर तीन, कौशांबी-मुरादाबाद मार्ग पर दो, कश्मीरी गेट - कोट्द्वार मार्ग पर एक और कौशांबी नजीबाबाद मार्ग पर दो ई-बसें चलाई जा रही हैं। मथुरा मार्ग पर दो बसों का संचालन हो रहा है। राजेश कुमार, एआरएम, साहिबाबाद डिपो ने बताया कि चार चार्जिंग प्वाइंट तैयार हैं और बसें चार्ज हो रही हैं। तीन चार्जिंग प्वाइंट तैयार होने पर बाकी बसों का संचालन शुरू किया जाएगा।

# क्रॉसिंग रिपब्लिक के त्यागी मार्केट में भीषण आग, 20 दुकानें जलकर राख

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने के पास गोल चक्कर स्थित त्यागी मार्केट में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब 20 दुकानें इसकी चपेट में आ गईं।

हादसे में रेस्टोरेंट, सैलून, चाय, फास्ट फूड और कबाड़ के गोदाम सहित कई दुकानें जलकर राख हो गईं। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, करीब दो करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। आग की ऊंची लपटों से उठी चिंगारी करीब 200 मीटर दूर स्थित अजनारा ग्रीन सिटी की इमारत तक जा पहुंची और 22वीं मंजिल पर बंद फ्लैट के पर्दे में आग लग गई।

इससे एसी ब्लास्ट हो गया और फ्लैट के अंदर रखा सामान जल गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने फ्लैट की दीवार तोड़कर आग बुझाई। इस दौरान तीन एसी, एलईडी, फर्नीचर समेत



अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल पाल के अनुसार, चार भाइयों राधेश्याम त्यागी, कैलाश त्यागी, सुभाष त्यागी और जगदीश त्यागी की चार बीघा जमीन पर दुकानें बनी हुई हैं। आग की शुरूआत परांठे की दुकान से हुई। इस दौरान दुकान में रखे गैस सिलिंडर फटने से आग तेजी से आसपास की दुकानों में फैल गई। पीछे स्थित कबाड़ के गोदाम में आग पहुंचते ही हालात बेकाबू हो गए।

### डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू, गौतमबुद्धनगर से मंगवाए वाहन

सीएफओ के अनुसार विभाग को आग की सूचना सुबह 11:12 बजे मिली। इसके बाद वैशाली, कोतवाली, साहिबाबाद और गौतमबुद्धनगर से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। छह फायर टेंडर, पांच वाटर बाउजर और एक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मदद से करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। राहत की बात रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

### सीएनजी पंप में आग की अफवाह से मची भगदड़

आग की ऊंची लपटों और धुएं के बीच सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैल गई कि पास के सीएनजी पंप में आग लग गई है। इससे सोसायटियों में दहशत फैल गई और लोग परिवार सहित घर छोड़कर निकलने लगे। क्रॉसिंग रिपब्लिक के मुख्य गेट से वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई। कई स्थानों पर भगदड़ जैसे हालात बन गए। करीब डेढ़ घंटे बाद स्थिति स्पष्ट होने पर लोग वापस लौटे।

### दमकल ने कवर किया सीएनजी पंप

क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना प्रभारी आग लगते ही पुलिस टीम लेकर मौके पर पहुंचे और दूसरी सोसायटी से पानी के पाइप बिछाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घटनास्थल के पास स्थित सीएनजी पंप को लेकर दमकल और पुलिस टीम ने विशेष सतर्कता बरती।

# LPG संकट से बदला रसोई का ट्रेंड 10 वर्षों में नहीं बिके उतने इंडक्शन चूल्हे, जितने मार्च में लोगों ने खरीदे

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**



एलपीजी की किल्लत ने रसोई के पारंपरिक ढांचे को झटका देते हुए उपभोक्ताओं को अन्य विकल्पों की ओर मोड़ दिया है। इसका सबसे बड़ा असर इंडक्शन चूल्हों की बिक्री पर दिख रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप गर्ग का दावा है कि जितने इंडक्शन चूल्हे पिछले 10 वर्षों में नहीं बिके, उतने अकेले मार्च महीने में बिक गए।

इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप गर्ग के मुताबिक, गाजियाबाद, नोएडा और हापुड़ में मार्च के दौरान करीब एक लाख इंडक्शन चूल्हों की बिक्री हुई। गाजियाबाद और नोएडा में लगभग 40-40 हजार, जबकि हापुड़ में करीब 20 हजार चूल्हे बिके। वहीं, एक से 15 अप्रैल के बीच भी 25 हजार से ज्यादा चूल्हे बिक चुके हैं। गैस संकट से पहले तक हर माह 600 से 700 इंडक्शन की ही बिक्री हो रही थी।

एलपीजी सिलिंडर की अनियमित आपूर्ति और समय पर डिलीवरी न मिलने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों के साथ-साथ किरायेदारों पर इसका ज्यादा असर पड़ा है। ऐसे में इंडक्शन चूल्हा एक आसान और तत्काल विकल्प बनकर उभरा है। छात्र और नौकरीपेशा लोग भी इसकी सुविधा को देखते हुए इसे तेजी से अपना रहे हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में अचानक आई इस मांग ने कारोबार को भी नई गति दी है। दुकानदार विनोद गुप्ता बताते हैं कि पहले जहां इंडक्शन की बिक्री सीमित थी, अब रोजाना बड़ी संख्या में ग्राहक इन्हें खरीदने पहुंच रहे हैं।

# ग्रेटर नोएडा में भाजपा युवा मोर्चा की 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा', हजारों शामिल

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

ग्रेटर नोएडा में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में एक भव्य 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं, युवतियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लेकर अपनी एकजुटता और जागरूकता का परिचय दिया।

यह पदयात्रा आईआईएमटी कॉलेज से शुरू होकर जगत फार्म गोलचक्कर तक निकाली गई, जिसमें पूरे रास्ते नारी सम्मान और अधिकारों से जुड़े नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राज नागर ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी ने कार्यक्रम को एक व्यापक जनसमर्थन प्रदान किया। पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों को लेकर जनजागरूकता बढ़ाना और समाज में नारी शक्ति की आवाज को मजबूती देना रहा। इस कार्यक्रम में भाजपा उत्तर प्रदेश की प्रदेश प्रवक्ता महामेधा नागर और भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट अभिषेक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने अपने संबोधन में महिलाओं के सशक्तिकरण, समान अधिकार और समाज में उनकी बढ़ती भागीदारी पर विशेष जोर दिया। प्रदेश प्रवक्ता महामेधा नागर ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 1996 से अब तक इन दलों ने महिलाओं के अधिकारों को आगे बढ़ाने के बजाय बाधित करने का कार्य किया है।



उन्होंने आरोप लगाया कि 1998 में संसद में महिला आरक्षण से जुड़े बिल को फाड़ा गया और 2010 में राज्यसभा से पारित होने के बावजूद उसे लोकसभा में प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जब वर्तमान सरकार ने महिलाओं के हित में कदम उठाए, तो विपक्ष ने उसका विरोध किया, जो देश की महिलाओं के साथ अन्याय है। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि यह पदयात्रा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर महिलाओं की भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों के लिए अब निर्णायक लड़ाई का समय आ गया है और समाज को मिलकर इसके लिए आवाज उठानी होगी। इस पदयात्रा में जिला महामंत्री धर्मेंद्र भाटी, वीरेंद्र भाटी, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर, अरुण प्रधान, जिला मंत्री रजनी तोमर, मुकेश भाटी, वंदना वानखंडे, गायत्री तिवारी, गीता सागर, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, युवा मोर्चा महामंत्री शक्ति रावल समेत कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# तिजोरियां साफ कर रहे घरेलू सहायक, सत्यापन में हो रही लापरवाही

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

कमिश्नरेट में बीट पुलिसिंग लागू हुए करीब एक वर्ष बीत चुका है। सिटीजन चार्टर भी प्रभावी है। इसके बावजूद पासपोर्ट, चरित्र, किरायेदार, घरेलू सहायकों और कर्मचारियों के सत्यापन में लापरवाही सामने आ रही है। इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

पिछले छह माह में जिले में चोरी की 42 ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें पीड़ितों ने घरेलू सहायकों पर शक जताया। इनमें से कई मामलों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। ऐसे में न केवल पुलिस, बल्कि लोगों को भी सतर्क रहने की जरूरत है।

विशेषज्ञों का कहना है कि किरायेदार, घरेलू सहायक, सहायिका, सुरक्षाकर्मी और चालक का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराया जाए, ताकि किसी वारदात की स्थिति में आरोपी की पहचान और तलाश आसान हो सके। बताया जा रहा है कि अप्रैल में ही कई मामलों में घरेलू सहायकों ने मालिकों की तिजोरियों से लाखों रुपये की नकदी और जेवरात पार कर दिए।



### प्रमुख घटनाएं

केस-1, 7 अप्रैल 2026

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र की अभयखंड द्वितीय स्थित अरिहंत अलतुरा सोसायटी निवासी पल्लवी चतुर्वेदी ने ऑनलाइन एप के जरिये घरेलू सहायिका शैलिका को काम पर रखा था। आरोप है कि सहायिका लाखों रुपये की नकदी और गहने लेकर फरार हो गई।

#### केस-२, 10 अप्रैल २०२६

कौशांबी निवासी एक व्यक्ति ने घरेलू सहायकों खुशबू, सोनी और राहुल के खिलाफ घर की आलमारी से 4800 डॉलर (करीब 4.46 लाख रुपये) चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। चोरी का पता चलने से पहले ही आरोपी नौकरी छोड़कर गायब हो गए थे।

#### केस-3, 16 अप्रैल २०२६

नंदग्राम निवासी राजेश कुमार शर्मा और पड़ोसी मनोज कुमार पासवान ने घरेलू सहायिका पर लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी करने का आरोप लगाया है। आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है।

#### केस-4, 11 जनवरी २०२५

कविनगर के ए-ब्लॉक में लोहा कारोबारी आरडी गुप्ता और उनकी पत्नी को बंधक बनाकर घरेलू सहायक चंदन ने साथियों के साथ मिलकर 20 लाख रुपये नकद व करीब 80 लाख रुपये के गहने लूट लिए थे।

**वर्ष 2025 में सत्यापन का ब्यौरा: पासपोर्ट- 82328**

**पुलिस- 6451**

**चरित्र प्रमाणपत्र-54700**

**किरायेदार- 17485**

**घरेलू सहायता- 2432**

**कर्मचारी- 2374**

### मोबाइल एप से करें सत्यापन के लिए आवेदन

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) केशव चौधरी के अनुसार, किरायेदारों और घरेलू सहायकों का सत्यापन अब ऑनलाइन किया जा सकता है। यूपी कॉप एप या वेबसाइट के जरिये आवेदन करने पर पुलिस निर्धारित समय में सत्यापन करती है। किरायेदार या घरेलू सहायक जिले के रहने वाले हैं तो पांच दिन में संबंधित थाना पुलिस को सत्यापन करना अनिवार्य है। जिले से बाहर के हैं तो इस कार्य में 15 दिन और राज्य से बाहर के हैं तो 20 दिन लगेंगे।

# एमएमजी अस्पताल, आया कर रही ईसीजी, दर्जी बांट रहा दवाई

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

एमएमजी अस्पताल में मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। स्टाफ की कमी और प्रबंधन की लापरवाही के चलते कर्मचारियों से उनके मूल कार्यों के बजाय अन्य जिम्मेदारियां ली जा रही हैं। इससे अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

अस्पताल में हालात ऐसे हैं कि वार्ड आया मरीजों की ईसीजी जांच कर रही है। दर्जी के पद पर तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दवा वितरण काउंटर पर दवाइयां बांट रहा है। दवा वितरण और स्टोर से दवाएं लाने से इन्कार करने पर उक्त कर्मचारी की शिकायत सीएमएस से की गई है।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, कक्ष संख्या 30 में सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक वार्ड आया ईसीजी जांच कर रही है। हालांकि, इस संबंध में अभी कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है।

वहीं, दवा वितरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए प्रशिक्षित फार्मासिस्ट की आवश्यकता होती है, लेकिन एमएमजी




अस्पताल में यह जिम्मेदारी दर्जी के पद पर तैनात कर्मचारी को सौंपी गई है। इतना ही नहीं दर्जी के मूल कार्य के लिए एक संविदा महिला कर्मचारी को लगाया गया है। यह मामला उजागर होने के बाद जांच के दौरान संबंधित कर्मचारी ने बयान दिया है कि वह पिछले दो वर्षों से अपने मूल पद के बजाय अन्य कार्य कर रहा है। अब वह अपने निर्धारित कार्य पर वापस लौटना चाहता है।

**प्रबंधन पर उठे सवाल, जांच समिति गठित**

मामला उजागर होने के बाद अस्पताल में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।



## बढ़े वजन पर टिप्पणी करने वालों को पत्रलेखा ने दिया करारा जवाब

हाल ही में मां बनने के बाद बढे वजन को लेकर अभिनेत्री पत्रलेखा को ऑनलाइन आलोचना का सामना करना पड़ा है, जिसने अभिनेत्री को अपनी चुप्पी तोड़ने पर मजबूर कर दिया। उनके बढ़ते वजन को लेकर लोग लगातार कमेंट्स कर रहे थे, जिन्हें पत्रलेखा ने करारा जवाब दिया है। पत्रलेखा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सशक्त पोस्ट साझा किया, जिसमें अभिनेत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्होंने हाल ही में एक बच्चे को जन्म दिया है और यही उनके शरीर में आए बदलाव का सबसे बड़ा और प्राकृतिक कारण है। उन्होंने उन लोगों को निशाने पर लिया जो लगातार उनके बढ़ते हुए वजन पर सवाल उठा रहे थे और उनकी शारीरिक बनावट पर टिप्पणी कर रहे थे। अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा, मुझे क्या हुआ है, इसका जवाब यही है कि मैंने अभी-अभी एक बच्चे को जन्म दिया है। यह बदलाव पूरी तरह से प्राकृतिक प्रक्रिया का हिस्सा है। लोगों को ऐसा लगता है जैसे मैंने जरूरत से ज्यादा खा लिया हो, जबकि सच्चाई यह है कि मैंने इस दौरान एक नई जिंदगी को जन्म दिया है, एक इंसान को बनाया है।



## आमिर खान का इमोशनल खुलासा

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने एक बार फिर अपने फैंस के साथ दिल छू लेने वाली कहानी साझा की है। अपनी आगामी फिल्म एक दिन के प्रमोशन के दौरान उन्होंने बताया कि कैसे उनकी जिंदगी में एक ऐसा दिन आया, जिसने सब कुछ बदल दिया। आमिर ने अपने शुरूआती संघर्ष के दिनों को याद करते हुए बताया कि एक ऐसा नाटक, जिसमें उन्होंने पूरी मेहनत झोंक दी थी, उनके हाथ से निकल गया। उस वक्त यह हार जैसा लगा, लेकिन वही दिन उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट बन गया। वीडियो में आमिर ने कहा कि कई बार जिंदगी में ऐसा लगता है कि सब खत्म हो गया, लेकिन असल में वही पल नए रास्ते खोलता है। उनका मानना है कि कभी-कभी सिर्फ एक दिन ही आपकी पूरी जिंदगी बदल सकता है और यही फिल्म एक दिन का असली संदेश भी है। फिल्म में जुनैद खान और साई पल्लवी लीड रोल में नजर आएंगे। कहानी एक शर्मीले लड़के और एक जिंदादिल लड़की की है, जो एक ही ऑफिस में काम करते हैं।

# कप्तान के तौर पर धोनी और रोहित को टक्कर देते नजर आ रहे श्रेयस

**मुम्बई, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कप्तानी के आंकड़ों की बात करें तो चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके ) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और मुम्बई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का रिकार्ड सबसे बेहतर माना जाता है। इन दोनों दिग्गजों ने अपनी-अपनी टीमों को पांच-पांच बार खिताब जिताया है। वहीं अब पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इन दोनो ही दिग्गजों को टक्कर देते हुए नजर आ रहे हैं। श्रेयस ने अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को जीत दिलायी थी जबकि पिछली बार उनकी कप्तानी में पंजाब उपविजेता रही थी। हाल के आंकड़ों को देखें तो अय्यर कप्तानी के मामले में तेजी से आगे आये है। उन्होंने अब तक कुल 93 आईपीएल मैचों में कप्तानी की है, जिसमें उनकी टीम ने 55 मुकाबलों में जीत हासिल की है, जबकि उसे केवल 35 में ही हार मिली है। इस प्रकार उनका जीत का प्रतिशत 59.13 है, जो उन्हें आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों की सूची में शीर्ष स्तर पर पहुंचा रहा है। उन्होंने केकेआर और पंजाब के अलावा दिल्ली कैपिल्स की भी कप्तानी की है। धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स को जबकि रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस को चैम्पियन बनाया पर जीत के प्रतिशत के मामले में श्रेयस इन दोनो के करीब पहुंच गये हैं।



## अब तक खेलने का अवसर नहीं मिलने से निराश नहीं हैं होल्डर

» **मुम्बई, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

आईपीएल में गुजरात टाइटंस टीम में शामिल वेस्टइंडीज के अनुभवी ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने कहा है कि अब तक अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिलने से निराश नहीं हैं। होल्डर ने कहा है कि वह अपनी ओर से पूरी तरह तैयार हैं और जो भी अवसर मिलेगा उसमें बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। होल्डर के अनुसार उनका मुख्य काम केवल अपने को तैयार रखना है। अंतिम ग्यारह में किसे अवसर मिलता है ये उसका काम नहीं है। वहीं होल्डर को अब तक अवसर नहीं मिलने से सभी हैरान हैं। इस सत्र में वह अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाये हैं। इस क्रिकेटर ने कहा , कब खेलना है, कौन खेलेगा इन बातों में वह नहीं पड़ते। उन्होंने जोर देकर कहा कि टीम की जरूरतें उनके लिए सबसे ऊपर हैं और वह किसी भी भूमिका के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। चाहे वह बल्लेबाजी क्रम में कोई भी स्थान हो या गेंदबाजी में , होल्डर का कहना है कि अब उनका ध्यान हालातों के अनुसार अपेन को ढालने पर है।

# एडीएचडी को कमजोरी नहीं, 'सुपर पावर' मानती हैं कुब्रा सैत

## कहा- 'थेरेपी से खुद को समझने की मिली ताकत'

आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोग खुलकर बात करने लगे हैं, लेकिन फिर भी कई ऐसी स्थितियां हैं, जिनके बारे में लोग बोलने से हिचकते हैं। खासकर जब बात अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) की हो, तो अक्सर इसे सिर्फ एक परेशानी के रूप में देखा जाता है। इस कड़ी में अभिनेत्री कुब्रा सैत ने इस सोच को बदलने की कोशिश की है।

उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए अपने अनुभवों के बारे में बात की और इस स्थिति को अपनी 'सुपर पावर' बताया।


वीडियो में कुब्रा सैत कहती हैं, लंबे समय तक मैंने खुद को समझने की कोशिश की और इसके लिए थेरेपी का सहारा लिया। शुरूआत में मुझे अपने दिमाग को समझना मुश्किल लगता था, लेकिन धीरे-धीरे साफ समझ आने लगा कि मेरा सोचने का तरीका अलग है और यही मेरी खासियत भी है।'' उन्होंने वीडियो के कैप्शन में भी अपने दिल की बात लिखी। उन्होंने कहा, ''अब मुझे लगता है कि मेरा दिमाग पूरी तरह सक्रिय है और मैं इसे बेहतर तरीके से समझ पाई हूं। सालों की मेहनत, सोच-विचार और इलाज के बाद मुझे अपने भीतर की आवाज को समझने की ताकत मिली है। अब मैं पहले से ज्यादा खुश हूं और जिंदगी को लेकर नजरिया भी सकारात्मक हो गया है।''

उन्होंने कहा, ''शायद पहले मैं अपने ही स्वभाव के खिलाफ चल रही थी, लेकिन अब मैंने अपने तरीके को अपनाना सीख लिया है।''



कुब्रा ने अपने कैप्शन में लोगों को भी जोड़ने की कोशिश की। उन्होंने कहा, ''मैं अकेली नहीं हूं और दुनिया में ऐसे कई लोग हैं, जो इसी तरह की स्थिति से गुजर रहे हैं। मेरी सभी से अपील है कि वे भी अपनी बात खुलकर रखें और अपने अनुभवों को छुपाने के बजाय स्वीकार करें।'' उन्होंने बताया, ''एडीएचडी के साथ कुछ चुनौतियां जरूर आती हैं, जैसे एक जगह ध्यान टिकाना मुश्किल होना, लेकिन अगर इसे समझ लिया जाए तो यह आपकी ताकत भी बन सकता है। इस स्थिति में मैंने अपनी रचनात्मकता को बढ़ाया है और अलग तरीके से सोचने की क्षमता को भी विकसित किया है, जो अब मेरे काम में भी नजर आती है।'' बता दें कि अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति का मन एक जगह टिक नहीं पाता। ऐसे लोगों को किसी एक काम पर लंबे समय तक ध्यान लगाना मुश्किल होता है, वे जल्दी-जल्दी ध्यान बदलते हैं, ज्यादा बेचैन रहते हैं, या बिना सोचे तुरंत प्रतिक्रिया दे देते हैं। ज्यादातर लोग मजाक बनने के डर से इस पर खुलकर बात करने से बचते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, एडीएचडी में दिमाग अलग तरीके से काम करता है। जहां एक तरफ ध्यान भटकने, बेचैनी और एक काम पर टिके रहने में दिक्कत होती है, वहीं दूसरी तरफ यही दिमाग बहुत तेज, क्रिएटिव और नए आइडिया सोचने वाला भी होता है। उनका दिमाग चीजों को अलग नजर से देखता है, जल्दी बोर हो जाता है, ऐसे में वे कुछ नया करने की कोशिश करते रहते हैं।






## निखिल का स्वयंभू में जबरदस्त योद्धा अवतार

अपनी रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा बटोरते हुए, कार्तिकेय 2 फेम निखिल सिद्धार्थ की फिल्म स्वयंभू 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बनी हुई है। फिल्म के टीजर ने अपने भव्य दृश्यों, ऐतिहासिक कहानी, दमदार एक्शन और बड़े स्केल से दर्शकों को काफी प्रभावित किया, जिसे 18 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले हैं और तब से इसे लेकर उत्साह लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इसी एक्साइटमेंट को और बढ़ाते हुए, मेकर्स ने अब फिल्म का बहुप्रतीक्षित पहला सिंगल आजा धीरारा रिलीज कर दिया है। यह गाना एक हाई-एनर्जी वॉर क्राई ट्रैक है, जो फिल्म के मिजाज को बखूबी दर्शाता है। रवि बसरूर द्वारा कंपोज किया गया यह संगीत एक शक्तिशाली और गहराई भरा अहसास कराता है।

संक्षिप्त खबरें

## चीन ने तैनात किया वाणिज्यिक अंडरवॉटर डेटा सेंटर

**बीजिंग, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** साउथ चाइना सी में चीन ने दुनिया का पहला वाणिज्यिक अंडरवॉटर डेटा सेंटर तैनात किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि समुद्र के भीतर चल रहे ये भारी-भरकम सर्वर ग्लोबल वार्मिंग और समुद्री जीवन के लिए एक बड़ा खतरा पैदा कर रहे हैं। चीन के द्वारा हैनान द्वीप के पास बनाए गए इस डेटा सेंटर ने दुनियाभर के पर्यावरण विशेषज्ञों और अमेरिकी अधिकारियों को गंभीर चिंता में डाल दिया है। इन डेटा सेंटरों से निकलने वाली अत्यधिक गर्मी समुद्र के पानी का तापमान बढ़ा रही है, जिसका सीधा और विनाशकारी असर वियतनाम और फिलीपींस जैसे पड़ोसी देशों के समुद्री संसाधनों पर पड़ सकता है। चीन इस विवादास्पद तकनीक के माध्यम से सस्ते एआई कंप्यूट का सबसे बड़ा सप्लायर बनने की होड़ में लगा है, वह पर्यावरण की कीमत पर अपनी डिजिटल दादागिरी स्थापित करना चाहता है।

## चीन के 'मनॉइड रोबोट की रफ्तार से पूरी दुनिया हैरत में

**बीजिंग, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** पडोसी देश चीन ने रोबोटिक्स के क्षेत्र में अपनी गहरी छाप छोड़ी है, और हालिया प्रगति ने पूरी दुनिया को हैरत में डाल दिया है। चीन में हाल ही में रोबोट्स का मैराथन आयोजित किया गया था, जिसमें देश के कई 'मनॉइड मशीनों ने भाग लिया। इस मैराथन में चीनी रोबोटिक्स कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स ने अपने नवीनतम 'एच1' 'मनॉइड रोबोट की रफ्तार से पूरी दुनिया को हैरत में डाल दिया है। एक मैराथन के दौरान जारी किए गए वीडियो में यह रोबोट ट्रैक पर 10.1 मीटर प्रति सेकंड, यानी लगभग 36 किलोमीटर प्रति घंटा की अविश्वसनीय गति से दौड़ता दिखा है।

# ईरानी शिक्षा मंत्री का दावा, '1,300 में से आधे से अधिक स्कूलों की मरम्मत पूरी'

» **तेहरान, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**



अमेरिका-इजरायल एयर स्ट्राइक के बाद 40 दिन तक चले संघर्ष में ईरान की कई इमारतों और बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा। कई शैक्षिक संस्थान तबाह हो गए। इस बीच ईरान में शिक्षा व्यवस्था को बहाल करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। शिक्षा मंत्री अलीरजा काजेमी ने कहा है कि संघर्ष के दौरान क्षतिग्रस्त हुए 1,300 स्कूलों में से 775 की मरम्मत अब तक पूरी कर ली गई है। ईरानी न्यूज एजेंसी आईआरएनए के मुताबिक, शिक्षा मंत्री ने बताया कि करीब 20 स्कूल पूरी तरह नष्ट हो गए थे, जबकि सबसे अधिक नुकसान तेहरान, केर्मानशाह, इस्फहान और होर्मोजगान प्रांतों में हुआ। उन्होंने कहा कि बुरी तरह से क्षतिग्रस्त स्कूलों की मरम्मत अक्टूबर तक पूरी होने की उम्मीद है।

काजेमी ने यह भी बताया कि हमलों के बावजूद देश में शैक्षिक गतिविधियां जारी रहीं। कई स्थानों पर कक्षाएं ऑफलाइन चलाई गईं, जबकि अन्य जगहों पर ऑनलाइन माध्यम अपनाया गया, जिसमें इरानियन टेलीविजन स्कूल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए काउंसलिंग सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही स्कूलों में उन 170 लोगों की याद में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो मिनाब स्थित शजराह तैयबा प्राइमरी स्कूल पर हुए मिसाइल हमले में मारे गए थे। इनमें अधिकांश छात्राएं और शिक्षक थे। अमेरिका-इजरायल की संयुक्त कार्रवाई के पहले दिन (28 फरवरी) ही प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ। हमले का शिकार हुई बच्चियों की उम्र 7 से 12 बरस के बीच की बताई गई थी।

# हिरासत में 15 सदस्यीय अफगान परिवार

## अवैध प्रवासियों पर पाकिस्तान की सख्ती तेज



» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**

पाकिस्तान के रावलपिंडी में कानून-व्यवस्था एजेंसियों ने 15 सदस्यों वाले एक अफगान परिवार को हिरासत में लिया है, जिसमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं। यह कार्रवाई देश में अवैध रूप से रह रहे अफगान नागरिकों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत की गई है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तान के अखबार 'डॉन' के अनुसार, स्वेच्छा से लौटने की तय समय सीमा खत्म होने के बाद अब तक 5,673 से ज्यादा अवैध अफगानों को वापस अफगानिस्तान भेजा जा चुका है। पुलिस और अन्य एजेंसियों को यह निर्देश दिया गया है कि वे सभी डिपोर्ट किए गए अफगान नागरिकों का पूरा और सही रिकॉर्ड रखें, चाहे वे खुद लौटे हों या जबरन भेजे गए हों। पुलिस को यह भी कहा गया है कि वे पूरा डेटा इकट्ठा करें, जिसकी जांच काउंटर-टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) की ओर से की जाएगी, ताकि सब कुछ सही तरीके से मॉनिटर किया जा सके।

14 अप्रैल को क्वेटा में पुलिस ने 20 से ज्यादा मकान मालिकों और दुकानदारों को गिरफ्तार किया, क्योंकि उन्होंने बिना दस्तावेज वाले अफगान प्रवासियों को किराए पर जगह दी थी। अफगानिस्तान की प्रमुख समाचार एजेंसी 'खामा प्रेस' की रिपोर्ट के अनुसार, यह कार्रवाई उन लोगों के खिलाफ की गई जो 'किराया कानूनों का उल्लंघन' कर रहे थे। गिरफ्तार लोगों पर मौजूदा कानूनों के तहत केस दर्ज किए गए। इस अभियान के दौरान सैकड़ों अवैध अफगानों की पहचान की गई और उन्हें गिरफ्तार किया गया। इससे साफ है कि पाकिस्तान में इन प्रवासियों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। बलूचिस्तान में रह रहे अफगान प्रवासियों का कहना है कि सरकार की पाबंदियों के कारण उनकी रोजमर्रा की जिंदगी काफी मुश्किल हो गई है। उन्हें घर, नौकरी और जरूरी सेवाएं हासिल करने में दिक्कत हो रही है। 'खामा प्रेस' की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान ने इस्लामाबाद और आसपास के इलाकों में बिना दस्तावेज वाले विदेशी नागरिकों को मकान किराए पर देने पर रोक लगा दी है। साथ ही, बिजली-पानी, मोबाइल सिम और दूसरी जरूरी सेवाओं पर भी पाबंदियां बढ़ा दी गई हैं।

पिछले कुछ महीनों में अफगान शरणार्थियों ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य संस्थाओं को पत्र लिखकर अपनी चिंताएं जताई हैं। उन्होंने बढ़ती गिरफ्तारियों, परेशानियों और जबरन निर्वासन (डिपोर्टेशन) के बारे में शिकायत की है। 15 मार्च को, खैबर पख्तूनख्वा के स्वाबी जिले में पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर 300 से ज्यादा अवैध अफगान शरणार्थियों को हिरासत में लिया था। यह अभियान जिला प्रशासन और पुलिस के उस फैसले के बाद शुरू किया गया था, जिसमें अवैध अफगानों को देश से बाहर भेजने की बात कही गई थी।



## भारत ने अमेरिका से एलएनजी की खेप रवाना कर अपने प्रयासों को दी रफ्तार

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयास तेज कर दिए हैं क्योंकि गेल (इंडिया) लिमिटेड ने अमेरिका के एक टर्मिनल से एलएनजी जहाज को रवाना किया, जो स्वच्छ ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने में भारत-अमेरिका सहयोग को और गहरा होने का संकेत देता है। एलएनजी पोत एलएनजी फिडेलिटी को 20 अप्रैल को अमेरिका के साबिन पास एलएनजी टर्मिनल से भारत के 'स्टन स्थित महावाणिज्य दूत डी.सी. मंजुनाथ द्वारा रवाना किया गया, आधिकारिक बयानों के अनुसार। कंपनी ने कहा, 'गेल (इंडिया) लिमिटेड भारत की वैश्विक ऊर्जा यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल करने पर गर्व महसूस करता है।' उसने इस विकास को अपने दीर्घकालिक एलएनजी शिपिंग पोर्टफोलियो का हिस्सा बताया। इस पोर्टफोलियो के अंतर्गत, 1,74,000 घन मीटर क्षमता वाला एलएनजी वाहक एनर्जी फिडेलिटी 'एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में भारत की बढ़ती क्षमता का प्रमाण है,' कंपनी ने कहा। कंपनी ने यह भी कहा कि यह पोत 'भारत की ऊर्जा लॉजिस्टिक्स को मजबूत करेगा, एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करेगा और देश की वृद्धि को समर्थन देने के लिए स्वच्छ ईंधन की विश्वसनीय आपूर्ति बनाए रखेगा।'

# पहलगाम हमले की बरसी

## इजरायली दूत बोले- आतंक के खिलाफ हम भारत के साथ

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**



पहलगाम टेरर अटैक की बुधवार को पहली बरसी है। साल भर पहले इसी दिन 26 बेगुनाहों की सीमा पार से आए आतंकियों ने जान ले ली थी। पहली बरसी पर भारत में इजरायली राजदूत रूवेन अजार ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दावा किया कि आतंक के खिलाफ लड़ाई में उनका देश भारत के साथ हमेशा खड़ा रहेगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अजार ने एक वीडियो क्लिप जारी की, जिसमें पहलगाम टेरर अटैक में 26 बेगुनाह लोगों की दुखद मौत पर अफसोस जताया गया है। उन्होंने कहा, 'बुधवार को कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले को एक साल हो गए हैं। यहां 26 बेगुनाहों की जान ले ली गई। पीड़ित परिजनों और भारत के लोगों को इजरायल की ओर से मैं सांत्वना प्रेषित करता हूं। दुख की इस घड़ी में हम आपके साथ खड़े हैं।'

अजार ने इजरायल पर हुए हमास के सरप्राइज अटैक का जिक्र करते हुए आगे कहा, ' इजरायल में रहने वाले हम लोग इस दर्द से अनभिज्ञ नहीं हैं। 7 अक्टूबर (2023) को हमने भी इसी किस्म की बर्बरता का सामना किया।'

इजरायली दूत के अनुसार, ये हमले बताते हैं कि 'आतंक किसी बॉर्डर (सीमा) को नहीं मानता। हमारा और आपका दुख साझा है। भारत-इजरायल आतंक के खिलाफ मिलकर लड़ने को तत्पर हैं। इस खतरे का सामना करने के लिए हम दोनों पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। ये हमारा संकल्प भी है और दृढ़ निश्चय भी!'

# भारतीय छात्रों का विदेश में पढ़ाई करना मुश्किल! अमेरिका ने 61फीसदी छात्रों को किया रिजेक्ट

### ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने भी दिखाई सख्ती, भारत को अब हाई-रिस्क कैटेगरी में डाला

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 22 अप्रैल।**



संयुक्त राज्य अमेरिका में 2025 में एफ-1 वीजा के लिए आवेदन करने वाले 61फीसदी भारतीय छात्रों को रिजेक्ट कर दिया गया है। यह दर 2023 के 36फीसदी और 2024 के 53फीसदी के मुकाबले काफी ज्यादा है, जिससे साफ है कि वीजा मिलना अब पहले की तुलना में ज्यादा मुश्किल हो गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह केवल छात्रों की योग्यता का मामला नहीं, बल्कि इसमें 'जियोग्राफी फैक्टर' भी काम कर रहा है। यूरोप के छात्रों को जहां 90फीसदी से ज्यादा की मंजूरी मिलती है, वहीं भारतीय छात्रों को रिजेक्ट कर दिया जाता है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या वीजा प्रक्रिया में क्षेत्रीय असमानता बढ़ रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया ने भी अपनी वीजा नीति सख्त कर दी है। 2026 की शुरूआत में करीब 40फीसदी भारतीय छात्र वीजा आवेदन खारिज किए गए हैं। इतना ही नहीं भारत को अब हाई-रिस्क कैटेगरी में डाल दिया गया है, जिसके तहत छात्रों को ज्यादा फाइनेंशियल दस्तावेज, विस्तृत अकादमिक रिकॉर्ड और मजबूत स्टेटमेंट देना होगा। कनाडा में भी स्थिति आसान नहीं है। 2025 में स्टडी परमिट की संख्या 64फीसदी तक घटा दी गई और 2026 में भी इसमें और 7फीसदी कटौती का फैसला लिया गया है। सरकार ने छात्रों की संख्या सीमित करने के लिए सख्त कैप लागू किया है, जिससे भारतीय छात्रों के लिए अवसर और कम हो गए हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक अब वीजा फैसले केवल शिक्षा के आधार पर नहीं लिए जा रहे, बल्कि इमिग्रेशन से जुड़ी चिंताएं, घरेलू राजनीतिक दबाव और अवैध रूप से रुकने की आशंका भी अहम भूमिका निभा रही है। इसी वजह से भारत, नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे दक्षिण एशियाई देशों के छात्रों पर ज्यादा सख्ती की जा रही है। इसका असर अब साफ दिखाई देने लगा है।

## इजरायल और लेबनान युद्धविराम के बीच अमेरिका में राजदूत स्तरीय दूसरी वार्ता करेंगे



**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 22 अप्रैल।** अमेरिकी मीडिया के अनुसार, इजराइल और लेबनान वॉशिंगटन स्थित अमेरिकी विदेश विभाग में अपनी दूसरी राजदूत-स्तरीय वार्ता करने की उम्मीद है। इजरायल और लेबनान की ओर से एक बार फिर संयुक्त राज्य अमेरिका में उनके राजदूत येचिएल लीटर और नादा हमादेह मोआवद प्रतिनिधित्व करेंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका-इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के बीच कई हफ्तों तक सीमा पार बढ़ी हुई झड़पों के बाद, इजरायल और लेबनान के बीच 10 दिन का युद्धविराम गुरुवार और शुक्रवार की मध्यरात्रि से लागू हुआ। हालांकि, यह युद्धविराम नाजुक बना हुआ है क्योंकि लेबनान की दक्षिणी सीमा पर तनाव जारी है। लेबनान की आधिकारिक नेशनल न्यूज एजेंसी ने बताया कि मंगलवार सुबह इजरायली बलों ने दक्षिणी लेबनान में अपने अभियानों को तेज कर दिया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *